-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज तथा सेंट जार्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा महाराणा प्रताप चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को किया गया जागरूक।**
- **छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात के सम्बन्ध में शानदार जागरुकता गीत गाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचने का दिया गया संदेश। साथ ही बैनर/पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातों का किया गया प्रचार-प्रसार।**
- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से कराया गया अवगत तथा नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये किया गया प्रेरित।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा महाराणा प्रताप चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज तथा सेंट जार्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातें बताते हुये उनका पालन करने की सलाह दी साथ ही अपने-अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है हर व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिये तथा मोटरसाइकिल पर एक वक्त में दो लोगों को ही सवार होना चाहिये। इस दौरान भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज तथा सेंट जार्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के छात्र-छात्राओं द्वारा महाराणा प्रताप चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात के सम्बन्ध में शानदार जागरुकता गीत गाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचने का संदेश दिया गया तथा यातायात नियमों से जुड़ी आवश्यक बातों का बैनर/पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात के सम्बन्ध में जागरुकता रैली निकाल भी निकाली गई। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील सक्सेना ने भी छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक/शिक्षिका आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ. पीयूष मिश्र द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।